**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.11.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**शिक्षा मंत्री**

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से धर्मशाला के समीप तपोवन में शुरू होने जा रहा है। सत्र के दौरान विपक्ष कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि ये सत्र अब तक का सबसे बड़ा शीतकालीन सत्र होने जा रहा है और इसे लेकर सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान विपक्ष के हर सवाल का तथ्यों सहित जवाब दिया जाएगा। राज्य सरकार के मौजूदा कार्यकाल की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने बताया कि सरकार ने विपरीत परिस्थितियों में काम किया है।

---

**एनसीसी**

केंद्र सरकार राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन.सी.सी. की क्षमता 17 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने और राष्ट्रीय विकास व राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने के लिए 4िवभिन्न कार्यक्रमों में इसकी भूमिका का विस्तार करने की योजना बना रही है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने एन.सी.सी. दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवा देश की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और एन.सी.सी. देश की युवा शक्ति और क्षमता का एक सशक्त उदाहरण है। राष्ट्रीय कैडेट कोर कल अपना 78वां स्थापना दिवस देशभर में कई कार्यक्रमों के साथ मनायेगा।

---

**उद्योग निकाय–श्रम संहिताएं**

उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं ने देश में चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे एतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि इन सुधारों से औपचारिक रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा और नियमों का पालन आसान होगा। इनका उद्देश्य देश में मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और सुव्यवस्थित बनाना है। भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह फैसला आज़ादी के बाद से मज़दूरों के हित में किया गया सबसे बड़ा सुधार है।

---

**जयराम ठाकुर**

भाजपा ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि जैसे–जैसे कांग्रेस सरकार का कार्यकाल बढ़ता जा रहा है, उसी तरह आपराधिक घटनाओं का क्रम भी तेजी से बढ़ रहा है।

-----------------------------------------------------

## तेजस हादसा

दुबई एयर शो में हुए तेजस विमान हादसे में कांगडा जिला के वीर सपूत नमन स्याल के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्‌डा सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल सहित सभी सांसदों ने दुख जताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि देश को उनके अमूल्य बलिदान पर हमेशा गर्व रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी नमन स्याल के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि यह खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए उन्होंने कहा कि देश ने एक बहादुर, कर्तव्यनिष्ठ और साहसी पायलट खो दिया है।

-----------------------------------------------------

## एसएफआई

विद्यार्थी संगठन एस.एफ.आई. ने विभिन्न मुद्‌दों को लेकर आज शिमला में राज्य सरकार के खिलाफ रैली निकाली। संगठन ने सरकार से बंद किए जा रहे स्कूलों व कॉलेजों को खोलने, छात्र संघ चुनाव बहाल करने, शिक्षण संस्थानों में पी.टी.ए. के नाम पर हो रहे कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और युवाओं को रोज़गार देने की मांग की है। इन्हीं मुद्‌दों को लेकर एस.एफ.आई का वार्षिक सम्मेलन आज से ही शिमला में शुरू हो गया है। संगठन ने मांगें जल्द पूरा न होने पर आने वाले समय में विधानसभा का घेराव करने की चेतावनी दी है।

-----------------------------------------------------

## मौसम

प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के तीन क्षेत्रों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है जबकि कई बड़े शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने और तापमान में गिरावट का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।

-----------------------------------------------------